23. **वार्षिक आवासन प्रोग्राम, बजट और स्थापन अनुसूची का तैयार करना और भेजा जाना**—(1) प्रत्येक वर्ष में दिसम्बर के प्रथम दिन से पूर्व बोर्ड ऐसे प्ररूप में जो विहित किया जाए निम्न तैयार करेगा और प्रशासक को भेजेगा,—

(i) प्रोग्राम ;

(ii) अगले वर्ष के लिए बजट ; और

(iii) पहले से नियोजित या अगले वर्ष के दौरान नियोजित किए जाने वाले अधिकारियों और सेवकों के स्टाफ की अनुसूची ;

(2) प्रोग्राम में निम्न अन्तर्विष्ट होगा,—

(i) आवासन स्कीम की एसी विशिष्टियां जिन्हें बोर्ड अगले वर्ष के दौरान अंशतः या सम्पूर्णतः जसा विहित किया जाए बोर्ड निष्पादन करने का प्रस्ताव करता है ;

(ii) किसी उपक्रम की विशिष्टियां जिन्हें भवन सामग्री के उत्पादन के प्रयोजनार्थ अगले वर्ष के दौरान बोर्ड संगठित या निष्पादित करने का प्रस्ताव करता है, और ऐसी अन्य विशिष्टियां जो विहित की जाएं ।

(3) बजट में अगले वर्ष के लिए पूंजी और राजस्व खाते पर प्राक्कलित प्राप्तियों और व्यय दर्शित करने वाला विवरण अन्तर्विष्ट होगा ।

24. **प्रोग्राम बजट और स्थापन अनुसूची की मंजूरी**—प्रशासक उसको भेजे हुए प्रोग्राम, बजट और अधिकारियों और सेवकों के स्टाफ की अनुसूची को ऐसे उपान्तरण सहित जिसे वह ठीक समझे मन्जूर कर सकेगा ।

25. **मन्जूर किए गए प्रोग्राम का प्रकाशन.**––प्रशासक धारा 24 के अधीन उसके द्वारा मन्जूर किए गए प्रोग्राम को चंडीगढ़ राजपत्र में प्रकाशित करेगा ।

26. **अनपूरक प्रोग्राम और बजट .**––बोर्ड, उस वर्ष के दौरान किसी समय जिसके बारे में धारा 24 के अधीन प्रोग्राम मन्जूर किया गया है, प्रशासक को अनुपूरक प्रोग्राम और बजट और स्टाफ की अतिरिक्त अनुसूची , यदि कोई हो, भेज सकेगा और धारा 24 और 25 के उपबन्ध ऐसे अनुपूरक प्रोग्राम को लागू होंगे ।

27. **प्रोग्राम में बोर्ड द्वारा उसे मन्जूर किए जाने के पश्चात फेरफार.**––बोर्ड किसी समय प्रशासक द्वारा मन्जूर किया गया प्रोग्राम या उसका कोई भाग या उसके किसी भाग में फेरफार कर सकेगा;

परन्तु यह कि ऐसा कोई फेरफार नहीं किया जाएगा यदि उसमें ऐसे प्रोग्राम में सम्मिलित किसी आवासन स्कीम के उत्पादन के लिए मूलत: मन्जूर की गई रकम के दस प्रतिशत से अधिक व्यय अन्तर्वलित है या उससे उसका विस्तार और प्रयोजन प्रभावित होता है ।

28. **मन्जूर की गई आवासन स्कीम का निष्पादन किया जाना.**––धारा 24 और 25 के अधीन प्रशासक द्वारा प्रोग्राम को मन्जूर और प्रकाशित किए जाने के पश्चात् बोर्ड, धारा 27 के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए प्रोग्राम में सम्मिलित आवासन स्कीम को निष्पादित करने के लिए अग्रसर होगा ।

29. **आवासन स्कीम का चंडीगढ़ राजपत्र में प्रकाशन.**––(1) धारा 28 के अधीन किसी आवासन स्कीम को निष्पादित करने के लिए अग्रसर होने के पूर्व , बोर्ड, अधिसूचना द्वारा , स्कीम को प्रकाशित करेगा । अधिसूचना में विनिर्दिष्ट होगा कि उस क्षेत्र को जो सम्मिलित किए जाने वाले प्रस्तावित है, दर्शित करने वाला रेखांक (प्लान) बोर्ड के कार्यालय में सभी युक्तियुक्त समयों पर जनता के निरीक्षण के लिए खुला रहेगा ।

(2) यदि आवासन स्कीम के प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह के भीतर कोई व्यक्ति बोर्ड को स्कीम से सम्बन्धित कोई सुझाव या आक्षेप बोर्ड को लिखित में सूचित करता है, तो बोर्ड ऐसे सुझाव और आक्षप पर विचार करेगा और स्कीम को एसे उपान्तरित कर सकेगा जैसे वह ठीक समझे ।

(3) बोर्ड तब अधिसूचना द्वारा अन्तिम स्कीम का प्रकाशन करेगा । अधिसूचना में यह विनिर्दिष्ट होगा कि अन्तिम स्कीम में सम्मिलित क्षेत्र और परिवर्ती भूमि दर्शित करने वाला रेखांक और अन्य विशिष्टियां जो विहित की जाएं , बोड के कार्यालय में सभी युक्तियुक्त समयों पर जनता के निरीक्षण के लिए खुले रहेंगे ।

(4) उपधारा (3) के अधीन अधिसूचना का प्रकाशन इस बात का निश्चायक साक्ष्य होगा कि उक्त स्कीम सम्यक रूप से विरचित गई है ।

30. **स्थानीय प्राधिकारों में निहित भूमि का आवासन स्कीम के प्रयोजनार्थ बोर्ड को अन्तरण.**––(1) जब कभी स्थानीय प्राधिकारी में निहित और स्थानीय प्राधिकारी के किसी क्षेत्र में स्थित कोई मार्ग, स्केअर और अन्य भूमि या उसका कोई भाग प्रशासक द्वारा मन्जूर की गई किसी आवासन स्कीम के प्रयोजनार्थ अपेक्षित है, तो बोर्ड स्थानीय प्राधिकारी को तदनुसार नोटिस देगा ।

(2) जब स्थानीय प्राधिकारी सहमत है तो ऐसा मार्ग, स्केअर और अन्य भूमि या उसका भाग बोर्ड में निहित होगा ।

(3) जहां किसी मामले में कोई विवाद है तो वह प्रशासक को निर्दिष्ट किया जाएगा : प्रशासक, पक्षकारों को सुनाने के पश्चात मामले को विनिश्चित करेगा । प्रशासक का विनिश्चय अन्तिम

होगा । यदि प्रशासक विनिश्चय करता है कि ऐसा मार्ग, स्केअर या भूमि बोर्ड में निहित हो, तो यह तदनुसार निहित होगा ।

(4) इस धारा में की कोई बात ऐसे मार्ग या स्केअर या भूमि में किसी जल निकास या संकर्म या उसके ऊपर स्थानीय प्राधिकारी के अधिकार या शक्ति पर प्रभाव नहीं डालेगी ।

31. **बोर्ड में निहित भूमि के बारे में प्रतिकर ।**—(1) जहां धारा 30 के उपबन्धों के अधीन बोर्ड में कोई भूमि निहित होती है और बोर्ड यह घोषणा करता है कि ऐसी भूमि बोर्ड द्वारा केवल तब तक रखी जाएगी जब तक कि वह धारा 34 के अधीन मार्ग के भाग या खुले स्थल के रूप में स्थानीय प्राधिकारी में पुनर्निहित नहीं होती तो उस भूमि के बारे में स्थानीय प्राधिकारी को बोर्ड द्वारा कोई प्रतिकर संदेय नहीं होगा ।

(2) जहां कोई भूमि धारा 30 के अधीन बोर्ड में निहित होती है और भूमि के बारे में उपधारा (1) के अधीन घोषणा नहीं की जाती तो बोर्ड स्थानीय प्राधिकारी को प्रतिकर के रूप में ऐसी भूमि के मूल्य के बराबर राशि संदत्त करेगा ।

(3) यदि किसी दशा में जहां बोर्ड ने उपधारा (1) के अधीन किसी भूमि के बारे में घोषणा कर दी है और बोर्ड घोषणा की शर्तों के विपरीत भूमि को रखता है या निपटारा करता है जिससे भूमि स्थानीय प्राधिकारी में पुनर्निहित नहीं होती तो बोर्ड ऐसे भूमि के बारे में स्थानीय प्राधिकारी को उपधारा (2) के उपबन्धों के अनुसार प्रतिकर संदत्त कर सकेगा ।

32. **बोर्ड की उसमें निहित लोक मार्ग को मोडने और बन्द करने की शक्ति ।**—बोर्ड उसमें निहित किसी लोक मार्ग या उसके किसी भाग को मोड़ सकेगा, अपवर्तित कर सकेगा, जनता के प्रयोग से बन्द कर सकेगा या स्थायी रूप से बन्द कर सकेगा ।

(2) जब कभी बोर्ड उसमें निहित किसी लोक मार्ग या उसके किसी भाग का जनता द्वारा प्रयोग चालू नहीं रखता है या स्थायी रूप से बन्द करता है तो मार्ग या उसके भाग के बदले में प्रयोग के लिए हकदार व्यक्तियों को प्रतिस्थापित किए जाने वाले किसी अन्य युक्तियुक्त साधन तक पहुंच की व्यवस्था करेगा और उस प्रत्येक व्यक्ति को जो केवल जनता के सदस्य के रूप से अन्यथा ऐसे मार्ग या उसके भाग को पहुंच के साधन के रूप में प्रयोग करने का हकदार है और जिसने ऐसे चालू न रहने और बन्द होने से नुकसान सहन किया है, युक्तियुक्त प्रतिकर संदत्त करेगा ।

(3) उपधारा (2) के अधीन किसी व्यक्ति को संदेय प्रतिकर के अवधारण में, बोर्ड किसी अन्य लोक मार्ग के सन्निर्माण, व्यवस्था या सुधार से उसी समय प्रोद्भूत होने वाले किसी फायदे का मौका देगा जब कि लोक मार्ग या उसका मार्ग जिसके कारण प्रतिकर संदेय है, चालू नहीं रहता है या बन्द किया जाता है ।

(4) जब बोर्ड में निहित कोई लोक मार्ग उपधारा (1) के अधीन स्थायी रूप से बन्द किया जाता है तो बोर्ड उसको इतना बेचेगा या पट्टे पर देगा जितना कि आगे अपेक्षित नहीं है ।

33. **धारा 31 और 32 के अधीन विवाद की दशा में अधिकरण को निर्देश ।**—यदि ऐसा कोई विवाद है कि क्या धारा 31 या धारा 32 के अधीन कोई प्रतिकर संदेय है या यथास्थिति धारा 31 या धारा 32 के अधीन संदेय प्रतिकर की रकम क्या है, तो मामला अधिकरण को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

34. आवासन स्कीम के अधीन बोर्ड द्वारा अभिन्यसित या परिवर्तित मार्ग और व्यवस्थित खुले स्थानों का स्थानीय प्राधिकारी में निहित होना.—जब कभी प्रशासन का समाधान हो जाता है,—

(क) कि बोर्ड द्वारा अभिन्यसित या परिवर्तित कोई मार्ग धारा 24 के अधीन प्रशासक द्वारा मन्जूर किए गए प्रोग्राम में उस व्यवस्थित रीति में सम्यक् रूप से समतल, आच्छित, धातुलेपित, पाटियादार (फ्लैग्ड), नालीदार, सीवरवाला और अपवाही (ड्रेन्ड) कर दिया गया है या उसमें धारा 27 के अधीन फेरफार या धारा 29 के अधीन उपान्तरण कर दिया गया है ;

(ख) कि ऐसे लैम्प या लैम्प स्तम्भ या अन्य उपस्करों को जो स्थानीय प्राधिकारी ऐसे मार्ग के प्रकाश के लिए आवश्यक समझता है या जिनकी बोर्ड द्वारा इस रूप में व्यवस्था की जानी चाहिए थी इस प्रकार व्यवस्था कर दी गयी है ; और

(ग) कि जल और अन्य सफाई की सुविधाओं को ऐसे मार्ग पर सम्यक् रूप से व्यवस्था कर दी गयीं है ;

तो प्रशासक ऐसे मार्ग को लोक मार्ग घोषित कर सकेगा और तदुपरि मार्ग स्थानीय प्राधिकारी में निहित होगा और तब से स्थानीय प्राधिकारी द्वारा इसका रखरखाव किया जाएगा, इसमें मरम्मत, प्रकाश और सफाई की जाएगी ।

(2) जब किसी आवासन स्कीम के निष्पादन में बोर्ड द्वारा किसी खुले स्थान की सवांतन या आमोद प्रमोद के प्रयोजनार्थ व्यवस्था की गयी है, तो यह पूर्ण होने पर बोर्ड के संकल्प द्वारा संबंधित प्राधिकारी को अन्तरित किया जाएगा, और तदुपरि स्थानीय प्राधिकारी में निहित होगा और उसके द्वारा अपने खर्च पर उसका रख रखाव होगा ।

(3) यदि इस धारा के पूर्वगामी उपबन्धों में निर्दिष्ट किसी मामले के बारे में बोर्ड और स्थानीय प्राधिकारी के बीच में कोई राय भेद उद्भूत होता है तो मामला प्रशासक को निर्दिष्ट किया जाएगा जिसका विनिश्चय अन्तिम होगा ।

35. **बोर्ड के अन्य कर्त्तव्य.**—बोर्ड का यह कर्त्तव्य होगा कि भवनों के सन्निर्माण को शीघ्र करने और सस्ता बनाने की दृष्टि से उपाय करे और बोर्ड उस प्रयोजनार्थ निम्न सभी बातें कर सकेगा,—

(क) भवन सामग्री का एकीकरण, सरलीकरण और मानकीकरण ;

(ख) गृह संघटकों के पूर्व संविरचन और द्रव्यमान उत्पादन का प्रोत्साहन ;

(ग) आवासन स्कीम के लिए अपेक्षित भवन सामग्री के उत्पादन का संगठन या अपने ऊपर भार लेना ;

(घ) सस्ती भवन सामग्री के अन्वेषण के लिए अनुसन्धान को प्रोत्साहन और आर्थिक सन्निर्माण की नई पद्धतियों का विकास ;

(ङ) भवनों के सन्निर्माण के कार्य में प्रशिक्षित कारीगरों का स्थायी और पर्याप्त प्रदाय सुनिश्चित करना ।

36. **अध्यपेक्षित भूमियों का बोर्ड के द्वारा प्रबन्ध सम्भालना.**—बोर्ड, यदि प्रशासक इस प्रकार निदेश देता है और प्रशासक के साधारण नियंत्रण के अध्यधीन रहते हुए, प्रशासक द्वारा या उसके प्राधिकार के अधीन अध्यापेक्षित भूमियों में से सभी या किसी का प्रबन्ध सम्भालेगा

37. **भूखण्डों का पुनर्गठन.**—आवासन स्कीम निम्न के लिए उपबन्ध कर सकेगी,—

(क) मूल भू-खण्ड की सीमाओं के परिवर्तन द्वारा पुनर्गठित भू-खण्ड बनाने के लिए ;

(ख) स्वामियों को सहमति से दो या अधिक मूल भूखण्ड जिसमें से प्रत्येक पृथक रूप से स्वामित्व में या संयुक्त स्वामित्व में धारण किए जाते हैं सामान्य स्वामित्व में, सीमाओं में परिवर्तन सहित या उसके बिना पुनर्गठित भूखण्ड के रूप में धारण किए जाएं ;

(ग) आवासन स्कीम के अग्रसर करने में भूमि से बेदखल हुए किसी स्वामी को भूखण्ड के आवंटन के लिए, और

(घ) एक व्यक्ति से दूसरे को भूखण्ड के स्वामित्व के अन्तरण के लिए ।

38. **प्रशासक द्वारा बोर्ड की स्कीमों का सौंपा जाना.**—धारा 21 और 23 से 29 तक (दोनों सम्मिलित करते हुए) के उपबन्ध प्रशासक द्वारा बोर्ड को सौंपी हुई किसी आवासन स्कीम को सिवाय इस सीमा के और ऐसे उपान्तरों के अध्याधीन रहते हुए जो प्रशासक द्वारा किसी साधारण या विशेष आदेश से विनिर्दिष्ट किये जाएं, लागू नहीं होंगे और ऐसा प्रत्येक आदेश चंडीगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा ।

अध्याय 4

भूमियों का अर्जन और निपटारा

39. **भूमि को क्रय करने, पट्टे पर देने और अर्जन करने की शक्ति.**—(1) बोर्ड किसी व्यक्ति या प्रशासक से उससे किसी भूमि के जो आवासन स्कीम या ऐसी भूमि में किसी हित या किसी ऐसे अधिकार के वंचित किए जाने या उसमें हस्तक्षेप किए जाने के बारे में प्रतिकर देने के प्रयोजनार्थ आवश्यक है, अर्जन के लिए क्रय करने, पट्टे पर देने या विनिमय करने के द्वारा करार कर सकेगा ;

परन्तु यह कि प्रशासक का पुर्वानुमोदन, उस क्रय या विनिमय जिसमें एक लाख रुपए तक मूल्य की भूमि अन्तर्वलित है या पांच वर्ष से अधिक पट्टा देने की दशा में अभिप्राप्त किया जाएगा ।

(2) बोर्ड, ऐसी तारीख से जो प्रशासक इस निमित अधिसूचना द्वारा नियत करे, इस अधिनियम द्वारा यथाउपान्तरित भूमि अर्जन अधिनियम 1894 में उपबन्धि रीति से आवासन स्कीम के निष्पादन के लिए अपेक्षित किसी भूमि या उसमें किसी हित के अनिवार्य रूप से अर्जन के लिए कदम उठाएगा और इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ किसी भूमि या उसमें किसी हित का अर्जन अधिनियम 1894 के अर्थों में लोक प्रयोजन के लिए अर्जन समझा जाएगा।

40. **सुधार प्रभार.**—(1) जब आवासन स्कीम के बनाने से स्कीम में समाविष्ट क्षेत्र में किसी भूमि का मूल्य, बोर्ड की राय में बढ़ जाएगा, तो बोर्ड स्कीम बनाने में यह घोषणा कर सकेगा कि भूमि के स्वामियों या स्कीम के निष्पादन से भूमि के मूल्य की वृद्धि के बारे में उसमें हित रखने वाले किसी व्यक्ति के द्वारा सुधार प्रभार संदेय होंगे।

(2) मूल्य में ऐसी वृद्धि वह रकम होगी जिससे स्कीम के निष्पादन के पूरी हान पर भूमि का प्राक्कलित मूल्य मानो भूमि भवनों से रहित हो, स्कीम के उत्पादन के पूर्व उसी रीति से भूमि के प्राक्कलित मूल्य से अधिक हो जाता है और सुधार प्रभार मूल्य में ऐसी वृद्धि का आधा होगा।

(3) ऐसे सुधार प्रभार किसी भूमि के बारे में जो भी स्कीम में समाविष्ट नहीं हो किन्तु स्कीम में समाविष्ट क्षेत्र से लगी हुई हो, उदग्रहीत होंगे।

(4) स्कीम के निष्पादन के समय कृषि प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किसी भूमि के बारे में उपधारा (1) और (3) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, बोर्ड के द्वारा सुधार प्रभार ऐसी प्रक्रिया के अनुसार जो विहित की जाए, केवल ऐसी भूमि के गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त होने या प्रयोग के लिए रूपान्तरित करने के पश्चात उदग्रहीत होंगे।

41. **सुधार प्रभार के लिए दायी व्यक्तियों को नोटिस.**—(1) बोर्ड किसी व्यक्ति को जो उस भूमि का जिसके बारे में सुधार प्रभार उदग्रहीत किए जाने हैं, स्वामी है या उसमें हित रखता है, विहित प्ररूप में नोटिस देगा और ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देगा।

(2) ऐसे व्यक्ति की सुनवाई करने के पश्चात या यदि ऐसा व्यक्ति उस अवधि की समाप्ति के पश्चात जिसके भीतर ऐसा व्यक्ति बोर्ड के समक्ष हाजिर होने के लिए अपेक्षित है, हाजिर नहीं होता है तो बोर्ड सुधार प्रभार की रकम निर्धारित करने के लिए अग्रसर होगा।

(3) जहां बोर्ड द्वारा प्रस्तावित सुधार प्रभार का निर्धारण विहित अवधि के भीतर सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा स्वीकार किया जाता है वहां निर्धारण अन्तिम होगा।

(4) यदि सम्बन्धित व्यक्ति बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निर्धारण स्वीकार नहीं करता है तो मामला अधिकरण को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) अधिकरण जांच करने के पश्चात और सम्बन्धित व्यक्ति की सुनवाई करने के पश्चात उस व्यक्ति द्वारा संदेय सुधार प्रभारों की रकम निर्धारित करेगा।

42. **सुधार प्रभारों के संदाय के लिए करार.**—(1) किसी भूमि के बारे में सुधार प्रभार को संदत्त करने के लिए दायी कोई व्यक्ति अपनी राय पर उसे बोर्ड को संदत्त करने के बदले, बोर्ड से भूमि में अपने हित पर प्रभार के रूप में बकाया रकम छोड़ने के लिए, हित का ऐसी दर पर जो विहित की जाए, शाश्वत रूप से संदाय करने के अध्यधीन रहते हुए, करार निष्पादित कर सकेगा।

(2) सुधार प्रभारों के बारे में किसी व्यक्ति द्वारा देय प्रत्येक रकम और उपधारा (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक प्रभार, किसी अन्य अधिनियमिति में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए और इस अधिनियम के प्रारम्भ के पूर्व या पश्चात् सृजित किसी बन्धक या प्रभार के निष्पादन के होते हुए भी, ऐसी भूमि में ऐसे व्यक्ति के हित पर प्रथम प्रभार होगा।

43. **सुधार प्रभारों की वसूली.**—धारा 40 के अधीन सुधार प्रभारों के बारे में किसी व्यक्ति द्वारा या धारा 42 के अधीन करार के अधीन किसी भूमि के बारे में, संदेय सभी राशियां बोर्ड की ओर से राजस्व की बकाया के रूप में वसूलीय होंगी।

44. **भूमि के निपटारे की शक्ति.**—इस अधिनियम के अधीन प्रशासक द्वारा बनाए किन्हीं नियमों के अध्यधीन रहते हुए, बोर्ड, उसमें निहित और इस अधिनियम के अधीन मन्जूर की गई किसी आवासन स्कीम में समाविष्ट क्षेत्र में स्थित किसी भूमि, भवन या अन्य सम्पत्ति को रख सकेगा, पट्टे पर दे सकेगा, विक्रय कर सकेगा, विनिमय कर सकेगा या अन्यथा निपटारा कर सकेगा।

45. **भूखण्डों के पुनर्गठन की बाबत विवाद.**—(1) जहां आवासन स्कीम के बनाने से, स्कीम में सम्मिलित क्षेत्र में समाविष्ट कोई भूखण्ड पुनर्गठित किये जाते हैं या कोई व्यक्ति बेदखल किया जाता है तो बोर्ड, ऐसी जांच करने के पश्चात् जो वह ठीक समझे, ऐसे पुनर्गठन या बेदखली से प्रभावित किसी व्यक्ति को ऐसा तिकर अधिनिर्णीत कर सकेगा जो वह युक्तियुक्त समझे। यदि वह व्यक्ति इस मामले में बोर्ड के विनिश्चय से असन्तुष्ट है तो वह बोर्ड को तदनुसार सूचित कर सकेगा। बोर्ड तदुपरि मामले को अधिकरण को निर्दिष्ट करेगा।

(2) अधिकरण तब जांच करने के पश्चात् प्रतिकर की रकम अवधारित करेगा या उसे सम्बन्धित व्यक्ति को संदत्त करने के लिए बोर्ड को निर्देश देगा।

अध्याय 5

अधिकरण

46. **अधिकरण.**—अधिकरण सम्बन्धित क्षेत्र में अधिकारिता रखने वाला जिला जज होगा।

47. **अधिकरण के कर्त्तव्य.**—अधिकरण,—

(क) यह विनिश्चय करेगा कि क्या धारा 31 के अधीन कोई प्रतिकर संदेय है;

(ख) धारा 33 के अधीन उसको निर्दिष्ट उस मामले में प्रतिकर का विनिश्चय करेगा;

(ग) धारा 41 के अधीन उसको निर्दिष्ट सुधार प्रभारों से सम्बन्धित विवादों का विनिश्चय करेगा;

(घ) धारा 45 के अधीन विवाद और अधिनिर्णीत की जाने वाली प्रतिकर की रकम का विनिश्चय करेगा; और

(ङ) ऐसे अन्य मामले का जो इस निमित बनाए नियमों द्वारा विहित किया जाए, विनिश्चय करेगा।

296
50/1

48. **अधिकरण की शक्ति और उसके सामने प्रक्रिया**.—(1) जांच करने में, अधिकरण को जहां तक सम्भव हो सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के अधीन शक्तियां होंगी और वह उनका प्रयोग करेगा और उसी के अधीन प्रक्रिया का अनुसरण करेगा ।

(2) रकम के संदाय के लिए और कब्जे के परिदान या किसी निर्मिति को हटाने के लिए अधिकरण द्वारा किया गया प्रत्येक आदेश जिला न्यायालय द्वारा इस प्रकार प्रवृत्त किया जाएगा मानो वह उसी न्यायालय की डिग्री हो ।

(3) अधिकरण के सामने कार्यवाहियां भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193 और 228 के अर्थों में न्यायिक कार्यवाही समझी जाएगी ।

49. **अधिकरण के विनिश्चय का अन्तिम होना**.—इस अधिनियम के अधीन उसको निर्दिष्ट किसी मामले पर अधिकरण का विनिश्चय, धारा 50 के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए अन्तिम होगा ।

50. **उच्च न्यायालय को अपील**.—अधिकरण के विनिश्चय से व्यथित बोर्ड या कोई व्यक्ति, विनिश्चय की तारीख से तीन मास के भीतर या ऐसे अतिरिक्त समय में जो उच्च न्यायालय पर्याप्त कारणों से अनुज्ञेय करे, उच्च न्यायालय को अपील कर सकेगा और उच्च न्यायालय अपील पर ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे ।

अध्याय 6

बोर्ड के परिसरों से व्यक्तियों को बेदखल करने की शक्ति

51. **बोर्ड के परिसरों से व्यक्तियों को बेदखल करने की शक्ति**.—(1) यदि सक्षम प्राधिकारी का समाधान हो जाता है,—

(क) कि बोर्ड के किन्हीं परिसरों का अधिभोग करने के लिए प्राधिकृत किसी व्यक्ति ने,—

(i) ऐसे परिसर के बारे में उसके द्वारा विधिमान्य रूप से देय किराया दो मास की अवधि के लिए संदत्त नहीं किया है; या

(ii) बोर्ड की अनुज्ञा के बिना ऐसे परिसर के सम्पूर्ण या किसी भाग को शिकमी पट्टे पर दे दिया है; या

(iii) अभिव्यक्त या विवक्षित शर्तों में से, जिनके अधीन वह ऐसे परिसरों का अधिभाग करने को प्राधिकृत है, किसी का उल्लंघन करते हुए अन्यथा कार्य किया है; या

(ख) कि कोई व्यक्ति बोर्ड के किन्हीं परिसरों के अप्राधिकृत अधिभोग में है, तो सक्षम प्राधिकारी तत्समय प्रवृत किसी विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जो नोटिस द्वारा डाक द्वारा तामील किया जाए, या बाहर के दरवाजे पर या ऐसे परिसरों के सहजदृश्य किसी अन्य भाग पर जिसकी प्रतिलिपि लगाई जाए, या ऐसी अन्य रीति में जो विहित की जाए, आदेश कर सकेगा कि वह व्यक्ति और कोई अन्य व्यक्ति भी, जो परिसरों के सम्पूर्ण या किसी भाग के अधिभोग में हो उनको नोटिस की तामील से एक मास के भीतर खाली करेगा ;

परन्तु यह कि ऐसा कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जाएगा जब तक कि व्यक्ति को यह कारण दर्शित करने का अवसर न दिया गया हो कि ऐसा आदेश क्यों नहीं किया जाना चाहिए ।

(2) यदि कोई व्यक्ति उपधारा (1) के अधीन किए गए किसी आदेश की अनुपालना अस्वीकार करता है या नहीं करता है, तो सक्षम प्राधिकारी उस व्यक्ति को बेदखल कर सकेगा और परिसरों का कब्जा ले सकेगा और उस प्रयोजन के लिए ऐसा बल प्रयोग कर सकेगा जो वह आवश्यक समझे ।

(3) यदि व्यक्ति जिसको उपधारा (1) के खण्ड (क) के उपखण्ड (i) या उपखण्ड (iii) के अधीन किन्हीं परिसरों को नोटिस की तामील की तीस दिन के भीतर या ऐसे लम्बे समय में जो सक्षम प्राधिकारी अनुज्ञय करे, खाली करने का आदेश हुआ है बोर्ड को किराये की बकाया संदत्त करता है या सक्षम प्राधिकारी के समाधान तक उसके द्वारा उल्लंघन की गई शर्तों का यथास्थिति पालन करता है या अन्यथा अनुपालन करता है तो सक्षम प्राधिकारी, उपधारा (2) के अधीन ऐसे व्यक्ति की बेदखली करने के बदले उपधारा (1) के अधीन किए गए अपने आदेश को रद्द करेगा और तदुपरि ऐसा व्यक्ति उन्हीं शर्तों पर परिसरों को धारण करेगा जिन पर वह ऐसे नोटिस के ठीक पूर्व उस पर तामील किए जाने के पूर्व धारण करता था ।

52. **किराया या नुकसान को भूमि राजस्व की बकाया के रूप में वसूल करने की शक्ति ।**— (1) इस निमित्त प्रशासक द्वारा बनाए गए किन्हीं नियमों के अध्यधीन रहते हुए और धारा 51 के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जहां किसी व्यक्ति पर बोर्ड के किन्हीं परिसरों के बारे में देय, किराया बकाया है तो सक्षम प्राधिकारी, नोटिस द्वारा जो डाक से तामील हो या जिसकी प्रतिलिपि बाहर के दरवाजे पर या ऐसे परिसरों के किसी अन्य सहजदृश्य भाग पर लगाई जाए, या ऐसी अन्य रीति में जो विहित की जाए, उस व्यक्ति को तीस दिन से ऐसे अनधिक समय के भीतर जो नोटिस में विनिर्दिष्ट किया जाए उसे संदत्त करने के लिए आदेश कर सकेगा । यदि ऐसा व्यक्ति नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर किराये की बकाया का संदाय अस्वीकार करता है या नहीं करता है, तो ऐसी बकाया भूमि राजस्व की बकाया की रकम के रूप में वसूल की जा सकेगी ।

(2) जहां कोई व्यक्ति बोर्ड के किन्हीं परिसरों के अप्राधिकृत अधिभोग में है तो सक्षम प्राधिकारी विहित रीति में परिसरों के प्रयोग और अधिभोग के कारण ऐसा नुकसान निर्धारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे और नोटिस द्वारा जो डाक से तामील हो या जिसकी प्रतिलिपि बाहर के दरवाजे या किसी अन्य सहजदृश्य भाग पर लगाई जाए या ऐसी अन्य रीति में जो विहित की जाए, उस व्यक्ति को तीस दिन से अनधिक ऐसे समय के भीतर जो नोटिस में विनिर्दिष्ट किया जाए, नुकसान का संदाय करने का आदेश कर सकेगा । यदि कोई व्यक्ति नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर नुकसान का संदाय अस्वीकार करता है या संदाय नहीं करता है, तो नुकसान भूमि राजस्व की बकाया के रूप में उससे वसूल किए जाएंगे ।

53. **कतिपय दशाओं में किराये का वेतन या मजदूरी से कटौती करके वसूल किया जाना.**— (1) धारा 51 के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कोई व्यक्ति, जो प्रशासक या स्थानीय प्राधिकारी का कर्मचारी है और जिसको बोर्ड के कोई परिसर आवंटित किए गए हैं, प्रशासक के हक में यह उपबन्ध करते हुए करार निष्पादित कर सकेगा कि यथास्थिति प्रशासक या स्थानीय प्राधिकारी, जिसके अधीन या जिसके द्वारा वह नियोजित है, उसको संदेय वेतन या मजदूरी से ऐसी रकम की कटौती करने के लिए जो करार में विनिर्दिष्ट की जाए, और इस प्रकार कटौती की गई रकम

उसको आवंटित बोर्ड के परिसरों के बारे में उसके द्वारा देय किराये के समाधान के लिए संदत्त करने के लिए सक्षम होगा ।

(2) ऐसे करार के निष्पादन पर यथास्थिति प्रशासक या स्थानीय प्राधिकारी, यदि बोर्ड द्वारा लिखित अध्यपेक्षा से इस प्रकार अपेक्षा की जाए, अध्यपेक्ष में विनिर्दिष्ट रकम करार के अनुसार अध्यपेक्षा में विनिर्दिष्ट कर्मचारियों के वेतन और मजदूरी से कटौती कर सकेगा और इस प्रकार कटौती की गई रकम बोर्ड को संदत्त कर सकेगा ।

54. अपील .—(1) धारा 51 या धारा 52 के अधीन सक्षम प्राधिकारी के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति यथास्थिति धारा 51 या धारा 52 के अधीन नोटिस की तामील की तारीख तीस दिन के भीतर, उस जिले के जिला जज को जिसमें कि बोर्ड के परिसर स्थित हैं या उस जिले में ऐसे न्यायिक अधिकारी को जिसे प्रशासक इस निमित्त नियुक्त करे, अपील कर सकेगा ;

परन्तु यह कि अपील अधिकारी तीस दिन की उक्त अवधि के अवसान के पश्चात् अपील ग्रहण कर सकेगा यदि उसका समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी समय में अपील करने से पर्याप्त कारण से निवारित हो गया था ।

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन अपील की जाती है, तो अपील अधिकारी सक्षम प्राधिकारी के आदेश के प्रवर्तन को ऐसी अवधि के लिए और ऐसी शर्तों पर जो वह ठीक समझे, रोक सकेगा ।

(3) इस धारा के अधीन प्रत्येक अपील का, अपील अधिकारी द्वारा उतनी शीघ्रता से, जितनी सम्भव हो निपटारा किया जाएगा ।

55. **आदेशों की अन्तिमता और सिविल न्यायालय की अधिकारिता का वर्जन** .— (1) इस अधिनियम में अन्यथा अभिव्यक्त रूप से उपबन्धित के सिवाय, इस अध्याय के अधीन सक्षम प्राधिकारी या अपील अधिकारी द्वारा किया गया प्रत्येक आदेश अन्तिम होगा और किसी मूल आवेदन या निष्पादन कार्यवाही में प्रश्नगत नहीं किया जाएगा ।

(2) किसी सिविल न्यायालय को ऐसे किसी मामले के बारे में किसी वाद या कार्यवाही को ग्रहण करने की अधिकारिता नहीं होगी जिसका इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए नियमों द्वारा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा संज्ञान किया जा सकता हो और निपटारा किया जा सकता हो ।

अध्याय 7

वित्त लेखा और संपरीक्षा

56. **बोर्ड की निधि** .—(1) बोर्ड के पास आवासन बोर्ड निधि के नाम से ज्ञात निधि होगी ।

(2) बोर्ड इस अधिनियम के सभी या किन्हीं प्रयोजनों के लिए केन्द्रीय सरकार या स्थानीय प्राधिकारी या किसी व्यक्ति या निकाय चाहे निगमित हो या नहीं, से अनुदान, सहायता, संदान या दान स्वीकार कर सकेगा ।

(3) इस अधिनियम के आधार पर बोर्ड की ओर से या उसके द्वारा प्राप्त सभी रकमें बोर्ड के द्वारा विक्रय की गई भूमि या अन्य किसी प्रकार की सम्पत्ति के सभी आगमों, बोर्ड को प्रोद्भूत

होने वाले सभी किरायों और सभी हित, लाभ और अन्य रकमों से मिल कर आवासन बोर्ड निधि गठित होगी ।

(4) प्रशासक द्वारा अन्यथा यथा निर्देशित के सिवाय, पूर्वगामी उपबन्धों में विनिर्दिष्ट और बोर्ड की निधि का भाग बनाने वाली सभी रकमें और प्राप्तियां, स्टेट बैंक आफ इण्डिया या किसी अनुसूचित बैंक या सहकारी बैंक में जमा की जाएंगी या ऐसी प्रतिभूतियों में विनिहित की जाएंगी जो प्रशासक द्वारा अनुमोदित की जाए ।

(5) ऐसे लेखों का ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रचालन किया जाएगा जो बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किए जाएं ।

स्पष्टीकरण .—इस धारा के प्रयोजनों के लिए, अनुसूचित बैंक से रिजर्व बैंक आफ इण्डिया अधिनियम 1934 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित बैंक अभिप्रेत होगी ।

57. **आवासन बोर्ड निधि का उपयोजन.**—आवासन बोर्ड निधि को समस्त सम्पत्ति और बोर्ड में निहित होने वाली अन्य सभी आस्तियां उसके द्वारा इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन और उसके प्रयोजनों के लिए धारित की जाएंगी और उसके द्वारा उपयोजित की जाएंगी ।

58. **अति आवश्यकता इत्यादि की दशा में व्यय** .—(1) जहां बोर्ड की राय में अति आवश्यकता की परिस्थितियां उद्भूत हो गई हैं तो किसी वर्ष में इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए बोर्ड द्वारा ऐसी रकम का व्यय करना जो विहित की जाए, इस बात के होते हुए भी विधि पूर्ण होगा कि ऐसा व्यय वार्षिक प्रोग्राम या प्रशासक द्वारा मन्जूर किए गए अनुपूरक प्रोग्राम या धारा 28 के अधीन बनाए प्रोग्राम के फेरफार में सम्मिलित नहीं किया गया है ।

(2) जहां उपधारा (1) में यथा उपबन्धित अति आवश्यकता की परिस्थितियों के अधीन कोई राशि व्यय की गई है, वहां उस स्रोत को दर्शित करते हुए जिससे इस व्यय का किया जाना प्रस्तावित है उसकी एक रिपोर्ट बोर्ड द्वारा यथासाध्य शीघ्र प्रशासक को की जाएगी ।

(3) बोर्ड, प्रशासक द्वारा मन्जूर किए गए बजट के भीतर, ऐसी रकम से अनधिक विनियोग जो एक शीर्ष से दूसरे में और एक छोटे शीर्ष से उसी बड़े शीर्ष के अधीन दूसरे में विहित किया जाए मन्जूर कर सकेगा, और ऐसे पुनर्विनियोग का विवरण प्रशासक को भेजेगा ।

59. **बोर्ड को सहायता और उधार** .—(1) प्रशासक समय समय पर इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए बोर्ड को ऐसी शर्तों और निबन्धनों पर जो प्रशासक द्वारा अवधारित की जाए, सहायता दे सकेगा ।

(2) प्रशासक समय समय पर बोर्ड को इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न होने वाली ऐसी शर्तों और निबन्धनों पर जो प्रशासक अवधारित करे, उधार एडवान्स कर सकेगा ।

60. **बोर्ड की उधार लेने की शक्ति.**— (1) बोर्ड समय समय पर प्रशासक के पूर्वानुमोदन से और इस अधिनियम के उपबन्धों के और ऐसी शर्तों के जो इस निमित विहित की जाए, अध्यधीन रहते हुए, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित कोई राशि उधार ले सकेगा ।

(2) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए प्रशासक द्वारा बनाए गए नियम बोर्ड को डिबेन्चर जारी करने और बैंकों से व्यवस्था करने द्वारा उधार लेने के लिए सशक्त कर सकेंगे ।

(3) बोर्ड द्वारा जारी किए गए सभी डिबेन्चर ऐसे प्ररूप में होंगे जो बोर्ड, प्रशासक की मन्जूरी से समय समय पर अवधारित करे ।

(4) प्रत्येक डिबेन्चर पर अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(5) इस धारा के अधीन लिए गए उधार और जारी किए गए डिबेन्चर केन्द्रीय सरकार द्वारा मूल रकम के पुनः संदाय और ऐसी ब्याज की दर के जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नियत की जाए, संदाय के लिए गारण्टी किए जा सकेंगे ।

61. **लेखा और संपरीक्षा.**—(1) बोर्ड उचित लेखे और बहियां और ऐसी अन्य बहियां रखवाएगा जो इस अधिनियम के अधीन बनाए नियमों द्वारा अपेक्षित हों और ऐसे नियमों के अनुसार लेखों का वार्षिक विवरण तैयार करवाएगा ।

(2) बोर्ड अपने लेखों की वार्षिक रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा जिनका प्रशासक निर्देश दे, संपरीक्षा करवाएगा ।

(3) ज्योंही बोर्ड के लेखों की संपरीक्षा हो जाती है, वैसे ही बोर्ड उसकी एक प्रतिलिपि उस पर संपरीक्षक की एक रिपोर्ट की प्रतिलिपि के साथ प्रशासक को भेजेगा, और लेखों को विहित रीति में प्रकाशित करवाएगा और उसकी प्रतिलिपियां युक्तियुक्त कीमत पर विक्रय के लिए रखवाएगा ।

(4) बोर्ड ऐसे निदेशों का अनुपालन करेगा जो प्रशासक रिपोर्ट के परिशीलन के पश्चात जारी करना ठीक समझे ।

62. **लेखा की समवर्ती और विशेष संपरीक्षा.**—(1) धारा 61 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रशासक आदेश कर सकेगा कि बोर्ड के लेखों की समवर्ती संपरीक्षा ऐसे व्यक्ति द्वारा की जाएगी जो वह ठीक समझे । प्रशासक ऐसे व्यक्ति द्वारा जिसे वह ठीक समझे विशेष अवधि में या विशेष संव्यवहार या संव्यवहारों के वर्ग या आवली से सम्बन्धित बोर्ड के लेखों की विशेष संपरीक्षा किए जाने के भी निदेश दे सकेगा ।

(2) जहां उपधारा (1) के अधीन आदेश किया जाता है, वहां बोर्ड ऐसे लेखों की संपरीक्षा के लिए पेश करेगा या पेश करवाएगा और उपधारा (1) के अधीन नियुक्त व्यक्ति को ऐसी सूचना देगा जिसकी वह संपरीक्षा के प्रयोजनार्थ अपेक्षा करे ।

63. **आस्तियों और दायित्वों का अन्तरण.**—(1) प्रशासक इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ बोर्ड को भवन, भूमि या जंगम या स्थावर अन्य सम्पत्ति, बोर्ड के प्रयोग और प्रबन्ध के लिए ऐसी शर्तों और निबन्धनों पर जो प्रशासक ठीक समझे, अन्तरित कर सकेगा ।

(2) प्रशासक इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ बोर्ड को ऐसी स्कीमें या संकर्म जो प्रगति में हैं उनकी सभी आस्तियों और दायित्वों सहित जो प्रशासक द्वारा चलाए या प्रबन्ध किए जाते हैं, ऐसी शर्तों और निर्बन्धनों के अध्यधीन रहते हुए जिन्हें प्रशासक अधिरोपित करना ठीक समझे, अन्तरित कर सकेगा ।

अध्याय 8

प्रकीर्ण

64. **रिपोर्ट.**—बोर्ड, ऐसी तारीख के पूर्व और ऐसे प्ररूप में और ऐसे अन्तरालों पर जो विहित किए जाएं, प्रशासक को ऐसे मामलों पर जो विहित किए जाएं, एक रिपोर्ट भेजेगा और प्रशासक ऐसी रिपोर्ट को चण्डीगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कराएगा ।

65. **विवरण और विवरणी.**—बोर्ड प्रशासक को किसी प्रस्तावित या विद्यमान आवासन स्कीम की बाबत ऐसी सांख्यिकी, विवरणी विशिष्टियां या विवरण भी ऐसे समय पर और ऐसे प्ररूप और रीति में भेजेगा, जो विहित की जाएं, या जो प्रशासक समय समय पर निदेश दे ।

66. **प्रवेश की शक्ति.**—अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा इस निमित्त या विशेष रूप से प्राधिकृत कोई व्यक्ति, सहायकों और कर्मचारियों सहित या उनके बिना किसी भूमि में या उस पर निम्न के लिए प्रवेश कर सकेगा,—

(क) किसी निरीक्षण, पर्यवेक्षण, नापतोल, मूल्यांकन या जांच के लिए ;

(ख) तल मापन के लिए ;

(ग) सतह की नीचे की मिट्टी खोदने या उसमें छिद्र करने के लिए;

(घ) सीमाएं या संकर्मों की आशयित दिशा नियत करने के लिए ;

(ङ) ऐसे तल, सीमाएं और संकर्मों की दिशाएं बनाने या खाइयां काटने के लिए; या

(च) कोई अन्य बात करने के लिए जब कभी यह इस अधिनियम या तद्धीन बनाए किन्हीं नियमों या मन्जूर स्कीम के प्रयोजनार्थ करना आवश्यक हो ;

परन्तु यह कि —

(i) सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच कोई प्रवेश नहीं किया जाएगा ;

(ii) निवास गृह या लोक भवन में जो कि निवास गृह के रूप में प्रयुक्त होता है, उसके अधिभोगी की सम्पत्ति के सिवाय और उक्त अधिभोगी को ऐसे प्रवेश करने के आशय का पूर्व उल्लिखित नोटिस कम से कम चौबीस घण्टे पहले दिए बिना प्रवेश नहीं किया जाएगा ;

(iii) स्त्रियों के अधिभोग में किसी कोष्ट के संवासियों को परिसर के किसी ऐसे भाग में हटने के समर्थ बनाने के लिए जहां उनकी एकान्तता विछुब्द न हो, पर्याप्त नोटिस प्रत्येक दशा में उस समय भी दिया जाएगा जब किसी परिसर में बिना नोटिस के अन्यथा प्रवेश किया जाता है ।

(iv) प्रवेश किए गए परिसर के अधिभोगियों को सामाजिक और धार्मिक प्रथाओं का सदैव सम्यक सम्मान रखा जाएगा जहां तक कि वह उस प्रयोजन की अभ्यावश्यकताओं से जिसके लिए कि प्रवेश किया गया है सुसंगत हो ।

67. **बोर्ड के विरुद्ध वाद का नोटिस.**—कोई व्यक्ति बोर्ड के विरुद्ध या बोर्ड के किसी अधिकारी या सेवक या बोर्ड के आदेशों के अधीन कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के विरुद्ध इस अधिनियम के अनुसरण में की गई या की जाने के लिए तात्पर्यित किसी बात के लिए कोई वाद बोर्ड, सम्बन्धित अधिकारी या सेवक या व्यक्ति को आशयित वाद और उसके हेतुक का लिखित में दो माह का पूर्व नोटिस दिए बिना और कार्य की जिसकी शिकायत की गई है तारीख से छह मास के बाद भी, कोई वाद संस्थित नहीं करेगा ।

68. **बोर्ड की आस्तियों और दायित्वों का त्रैवार्षिक मूल्यांकन.**—बोर्ड, प्रशासक के अनुमोदन से नियुक्त मूल्यांकक द्वारा अपनी आस्तियों और दायित्वों का मूल्यांकन त्रैवार्षिक रूप से करवाएगा;

परन्तु यह कि प्रशासक के लिए किसी समय जब वह आवश्यक समझे मूल्यांकन का निदेश देना अवर्जित होगा ।

302

69. बोर्ड के सदस्य, अधिकारी और सेवकों का लोक सेवक होना.—बोर्ड के सभी सदस्य अधिकारी और सेवक, इस अधिनियम के किन्हीं उपबन्धों के अनुसरण में कार्य करते हुए या कार्य करने के लिए तात्पर्यित होते हुए, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 21 के अर्थों में लोक सेवक समझे जाएंगे ।

70. परित्राण (इनडेमिनिटी).—किसी व्यक्ति के विरुद्ध किसी बात के लिए जो इस अधिनियम के अधीन सद्भाव से की गई या करने के लिए तात्पर्यित है, वाद, अभियोग या विधिक कार्यवाही नहीं की जाएगी ।

71. प्रशासक की बोर्ड को निदेश देने की शक्ति.—प्रशासक, बोर्ड को अपने आक्षेप यदि कोई हों, बताने का बोर्ड को अवसर देने के पश्चात् और उक्त आक्षेपों पर विचार करने के पश्चात्, ऐसे निदेश दे सकेगा जो उसकी राय में इस अधिनियम के प्रयोजनों का पालन करने के लिए आवश्यक और समीचीन हैं और ऐसे निदेशों का अनुपालन करना बोर्ड का कर्त्तव्य होगा ।

72. कर्त्तव्य पालन करने में व्यतिक्रम.—(1) यदि प्रशासक का समाधान हो गया है कि बोर्ड ने इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन उस पर अधिरोपित किसी कर्त्तव्य का पालन करने में व्यतिक्रम किया है तो वह उस कर्त्तव्य का पालन करने के लिए अवधि नियत कर सकेगा ।

(2) यदि प्रशासक की राय में, बोर्ड इस प्रकार उसके पालन करने के लिए नियत की गई अवधि के भीतर ऐसे कर्त्तव्यों का पालन नहीं करता है या करने की उपेक्षा करता है तो धारा 7 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रशासक के लिए, विहित रीति में बोर्ड को अधिक्रान्त या पुनर्गठित करना विधिपूर्ण होगा ।

(3) बोर्ड के अधिक्रान्त होने के पश्चात् और इसके पुनर्गठन न होने तक, इस अधिनियम के अधीन बोर्ड की शक्तियों, कर्त्तव्यों और कृत्यों का, प्रशासक द्वारा या ऐसे अधिकारी या अधिकारियों द्वारा अनुपालन किया जाएगा जो प्रशासक इस निमित नियुक्त करे ।

73. नियम बनाने की शक्ति.—(1) प्रशासक अधिसूचना द्वारा और पूर्व प्रकाशन की शर्तों के अध्यधीन रहते हुए इस अधिनियम के प्रयोजनों का पालन करने के लिए नियम बना सकेगा ।

(2) विशेष रूप से और पूर्वगामी शक्तियों की साधारणता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्नलिखित प्रयोजनों में से सभी या किसी के लिए बनाए जा सकेंगे, अर्थात् :—

(क) धारा 7 के अधीन सदस्यों के वेतन, भत्ता और सेवा की शर्तें;

(ख) रीति और प्ररूप जिसमें धारा 18 के अधीन संविदा किए जाएंगे ;

(ग) अधिकारियों और सेवकों के स्टाफ के वार्षिक आवासन प्रोग्राम, बजट और अनुसूचों का प्ररूप, आवासन स्कीम की विशिष्टियां और अन्य विशिष्टियां धारा 23 के अधीन प्रोग्राम में अन्तर्विष्ट होंगी ;

(घ) धारा 41 के अधीन नोटिस का प्ररूप ;

(ङ) धारा 42 के अधीन ब्याज की दर ;

(च) धारा 51 और 52 के अधीन नोटिसों के प्ररूप और कोई अन्य रीति जिसमें कि उनकी तामील की जाएगी ;

(छ) धारा 51 के अधीन बोर्ड के किन्हीं परिसरों का कब्जा लेने में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया ;

(ज) रीति जिसमें धारा 52 के अधीन नुकसानों का निर्धारण किया जा सकेगा ;

(झ) रीति जिसमें धारा 54 के अधीन अपील की जा सकेगी और ऐसी अपील में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया ;

(ञ) शर्तें जिनके अध्यधीन रहते हुए, बोर्ड धारा 60 के अधीन कोई राशि उधार ले सकेगा ;

(ट) धारा 61 के अधीन लेखों का तैयार करना, रखरखाव करना और प्रकाशन की रीति ;

(ठ) तारीख जिसके पूर्व, प्ररूप जिसमें, अन्तराल जिस पर और मामले जिन पर धारा 64 के अधीन रिपोर्ट दी जाएगी ;

(ड) समय जिस पर और प्ररूप और रीति जिसमें सांख्यिकी विवरणी, विशिष्टियां और विवरण धारा 65 के अधीन दिए जाएंगे ;

(ढ) रीति जिसमें धारा 72 के अधीन बोर्ड को अधिक्रान्त और पुनर्गठित किया जाएगा ;

(ण) अनुविधि का विनिर्देश जिसमें से किसी का उल्लंघन अपराध होगा; और

(त) कोई अन्य मामला जो इस अधिनियम के अधीन विहित है या किया जा सकेगा।

(3) (लोप किया गया)

74. विनियम.—बोर्ड, प्रशासक के पूर्वानुमोदन से अधिसूचना द्वारा समय समय पर इस अधिनियम और तद्धीन बनाए किन्हीं नियमों से सुसंगत विनियम बना सकेगा,—

(क) किसी आवासन स्कीम के अधीन सन्निर्मित भवन के प्रबन्ध और प्रयोग के लिए ;

(ख) वासों और परिसरों के आबंटन में अनुसरण किए जाने वाले सिद्धान्त ;

(ग) इसकी प्रक्रिया और इसके कार्य का निपटारा करने के विनियमन के लिए।

75. अनुविधि बनाने की शक्ति.—(1) बोर्ड ऐसी अनुविधि बना सकेगा जो इस अधिनियम और तद्धीन बनाए नियम और विनियमों से असंगत न हो, और जो इस अधिनियम के अधीन उसके कर्त्तव्यों और कृत्यों का अनुपालन करने के प्रयोजनार्थ सहायक और समीचीन हो।

(2) बोर्ड द्वारा बनाई कोई अनुविधि तब तक प्रवृत्त न होगी जब तक कि प्रशासक द्वारा उपान्तरों सहित या उनके बिना पुष्ट न कर दी गई हो।

(3) इस धारा के अधीन बनाई सभी अनुविधि चण्डीगढ़ राजपत्र में प्रकाशित की जाएंगी।

76. अनुविधि के उल्लंघन के लिए शास्ति.—जो कोई भी धारा 75 के अधीन बनाई अनुविधि का उल्लंघन करता है जिसका उल्लंघन अपराध के रूप में विहित है, सिद्धदोष होने पर कारावास से जिसकी अवधि एक मास तक हो सकेगी या जुर्माना से जो पांच सौ रुपया तक हो सकेगा या दोनों से दण्डनीय होगा।

77. बाधा डालने इत्यादि के लिए शास्ति.—यदि कोई व्यक्ति,—

(क) किसी व्यक्ति के, जिसके साथ बोर्ड ने संविदा किया है, कर्त्तव्य का पालन करने या निष्पादन करने में या कोई बात करने में जिसके लिए वह इस अधिनियम के अधीन सशक्त है या अपेक्षित है, बाधा डालता है; या

(ख) इस अधिनियम के अधीन प्राधिकृत संकर्मों के निष्पादन के लिए आवश्यक कोई समतल या दिशा को दर्शित करने के प्रयोजनार्थ लगाए किसी चिह्न को हटाता है ;

तो वह सिद्धदोष होने पर कारावास से जिसकी अवधि एक मास तक हो सकेगी या जुर्माने से जो पांच सौ रुपये तक हो सकेगा या दोनों से दण्डनीय होगा ।

78. अभियोजन के लिए प्राधिकारी.—जब तक अन्यथा उपबन्धित न हो, कोई न्यायालय इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का, बोर्ड या इस निमित्त साधारण या विशेष आदेश द्वारा बोर्ड से प्राधिकृत किसी व्यक्ति से प्राप्त सूचना पर या परिवाद पर के सिवाय, संज्ञान नहीं लेगा ।

79. बोर्ड की ओर से निष्पादित किए गए दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण.—(1) भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम 16) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, अध्यक्ष के लिए स्वयं या अभिकर्ता द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय में उसके द्वारा बोर्ड की ओर से उसको पदीय हैसियत में निष्पादित किसी लिखित की रजिस्ट्री से सम्बन्धित किसी कार्यवाही में हाजिर होना या उस अधिनियम की धारा 58 में यथा उपबन्धित रूप से हस्ताक्षर करना आवश्यक नहीं होगा ।

(2) जहां कोई लिखित इस प्रकार निष्पादित किया गया है, वहां रजिस्ट्री अधिकारी जिसको ऐसा लिखत रजिस्ट्री के लिए पेश किया जाता है यदि वह ठीक समझता है, तो उसकी बाबत सूचना के लिए अध्यक्ष को निर्देश कर सकेगा और उसके निष्पादन का समाधान होने पर लिखित का रजिस्ट्रीकरण करेगा ।

80. बोर्ड का विघटन.—(1) प्रशासक, अधिसूचना द्वारा घोषित कर सकेगा कि ऐसी तारीख से जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, बोर्ड विघटित होगा ।

(2) उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तारीख से,—

(क) सभी सम्पत्तियां, निधियां और देय जो बोर्ड में निहित हैं और उसके द्वारा वसूलीय हैं केन्द्रीय सरकार में निहित होंगे और उसके द्वारा वसूलीय होंगे ।

(ख) बोर्ड के विरुद्ध प्रवर्तनीय सभी दायित्व केन्द्रीय सरकार के विरुद्ध केन्द्रीय सरकार द्वारा वसूलीय और उसमें निहित सम्पत्तियों, निधियों और देयों की सीमा तक प्रवर्तनीय होंगे ।

(3) इस धारा में की कोई बात धारा 60 की उपधारा (5) के अधीन गारन्टीकृत उपधारों और डिबेन्चरों के बारे में केन्द्रीय सरकार के दायित्व पर प्रभाव नहीं डालेगी ।

81. कठिनाइयों का दूर करना.—(1) यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को, इस अधिनियम के प्रारम्भ से ठीक पूर्व प्रवृत अधिनियम के उपबन्धों से उक्त उपबन्धों के संक्रमण के परिणामस्वरूप, प्रभावी करने में कोई कठिनाई उद्भूत होती है तो प्रशासक, अधिसूचना द्वारा ऐसे उपबन्ध कर सकेगा जो उसे कठिनाई को दूर करने के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो ।

(2) यदि इस अधिनियम के उपबन्धों को, इस अधिनियम के प्रारम्भ से पूर्व प्रवृत्त अधिनियम के उपबन्धों से संक्रमण के सम्बन्ध से अन्यथा, प्रभावी करने में कोई कठिनाई उद्भूत होती है, तो प्रशासक अधिसूचना द्वारा ऐसे उपबन्ध कर सकेगा जो इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत हों और कठिनाई को दूर करने के लिए उसे आवश्यक और समीचीन प्रतीत हो।

[सं० यू०-11015/5/74-यू० टी० एल० (128)]

के० आर० प्रभु, अपर सचिव।

IndiaCode

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1975